कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, शामली

पत्रांक:C-702 / जि0का0अ0 / विज्ञप्ति / 2023-24 दिनांक: 07 मार्च 2024

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-19 / 2023 / 3975 / 58-1-2022-2 / 1(22)10टी.सी. दिनांक 21.03.2023 के वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद शामली के ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का वार्डवार / परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:-

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों की संख्या
1	2	3	4
1	कैराना	ग्रामीण	16
2	कांधला	ग्रामीण	15
3	शामली	ग्रामीण	13
4	थानाभवन	ग्रामीण	22
5	ऊन	ग्रामीण	39
योग			105

उपरोक्त पदो का ग्रामवार विवरण एवं आरक्षण तथा अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पर भरने हेतु विशेष निर्देश :-

1. विज्ञप्ति पदो हेतु केवल महिला अभ्यर्थी पात्र होगें।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिये न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01.01.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष से 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाईन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाईन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नही किये जायेगें। **दिनांक 13.03.2024 से पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किये जा सकते है।**
6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 02.04.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

Scanned with OKEN Scanner

7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(बाबर खान)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
शामली

पृष्ठाकंन तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, शामली।
3. अपरजिलाधिकारी (वि0 / रा0) महोदय, शामली।
4. जिला सूचना अधिकारी, शामली को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को किन्ही 02 प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद–शामली को इस निर्देश के साथ कि अपनी–अपनी परियोजना पर रिक्त पदों का विवरण परियोजना मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें।
6. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
शामली

Scanned with OKEN Scanner